RNI Regd. No. MAH/BIL/2000/8048

SHRI SAI LEELA

Date : 15th August 2014

श्री गुरुपौर्णिमा उत्सव २०१४ सांगता दिन

पत्नी सहित संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य तथा कार्यकारी अधिकारी श्री कुंदनकुमार सोनवणे के हाथों गुरुस्थान में रुद्राभिषेक...

साईं समाधि मंदिर में दहीहंडी कार्यक्रम...

पत्नी सहित संस्थान के उप कार्यकारी अधिकारी श्री आप्पा साहेब शिंदे के हाथों श्री साई बाबा की पाद्यपूजा...

श्री साईं बाबा संस्थान विश्वस्त-व्यवस्था (शिर्डी) के लिए संस्थान के कार्यकारी अधिकारी द्वारा मे. टैको विजन्स प्रा. लि., ३८ ए व बी, गवर्नमेंट इन्डस्ट्रियल इस्टेट, चारकोप, कांदिवली (प.), मुम्बई - ४०० ०६७ में मुद्रित और साईं निकेतन, ८०४ बी, डा. आम्बेडकर रोड़, दादर, मुम्बई - ४०० ०१४ में प्रकाशित। सम्पादक : कार्यकारी अधिकारी, श्री साईं बाबा संस्थान विश्वस्त-व्यवस्था (शिर्डी)

Official Periodical of Shree Sai Baba Sansthan Trust (Shirdi)

श्री साई बाबा संस्थान विश्वस्त-व्यवस्था (शिर्डी) की अधिकृत पत्रिका

SHRI SAI LEELA श्री साई लीला

July-August 2014 ₹ 8/-

जुलाई-अगस्त २०१४ ₹ ८/-



श्री गुरुपौर्णिमा उत्सव २०१४ प्रथम दिन

प्रथम दिन 'श्री साईं सत् चरित' ग्रन्थ (संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य तथा कार्यकारी अधिकारी श्री कुंदनकुमार सोनवणे), श्री साईं की तस्वीर (उप कार्यकारी अधिकारी श्री आप्पा साहेब शिंदे व मंदिर प्रमुख श्री रामराव शेलके) एवं वीणा (मंदिर पुजारी श्री दिगंबर कुलकर्णी) की शोभायात्रा साईं समाधि मंदिर से द्वारकामाई की ओर; साथ में संस्थान कर्मचारी और भक्त गण...

'श्री साईं सत् चरित' ग्रन्थ के अखण्ड पारायण का शुभारम्भ - संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य तथा कार्यकारी अधिकारी श्री कुंदनकुमार सोनवणे...

पत्नी सहित संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य तथा कार्यकारी अधिकारी श्री कुंदनकुमार सोनवणे के हाथों श्री साईं बाबा की पाद्यपूजा...

श्री गुरुपौर्णिमा उत्सव २०१४ मुख्य दिन

प्रथम दिन 'श्री साईं सत् चरित' ग्रन्थ (संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष तथा अहमदनगर ज़िला के प्रधान ज़िला व सत्र न्यायाधीश श्री शशिकांत कुलकर्णी), श्री साईं की तस्वीर (संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के सदस्य तथा कार्यकारी अधिकारी श्री कुंदनकुमार सोनवणे व उप कार्यकारी अधिकारी श्री आप्पा साहेब शिंदे) एवं वीणा (मंदिर प्रमुख श्री रामराव शेलके) की शोभायात्रा द्वारकामाई से वापस साईं समाधि मंदिर की ओर; साथ में संस्थान कर्मचारी और भक्त गण...

पत्नी सहित संस्थान की त्रि-सदस्यीय व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष तथा अहमदनगर ज़िला के प्रधान ज़िला व सत्र न्यायाधीश श्री शशिकांत कुलकर्णी के हाथों श्री साईं बाबा की पाद्यपूजा...

पत्नी सहित महाराष्ट्र के कृषि तथा विपणन मंत्री श्री राधाकृष्ण विखे पाटिल के हाथों श्री साईं बाबा की पाद्यपूजा...

SHREE SAI BABA SANSTHAN TRUST (SHIRDI)

Management Committee

Hon. Sri Shashikant Kulkarni
(Principal District & Sessions Judge, Ahmednagar)
Chairman

Hon. Sri Anil Kavade
(District Collector, Ahmednagar)
Member

Hon. Sri Kundankumar Sonawane
(Deputy Divisional Officer, Shirdi, Ahmednagar)
Member & Executive Officer

Hon. Sri Appasaheb Shinde Deputy Executive Officer

इंटरनेट आवृत्ति - URL:http://www.shrisaibabasansthan.org

श्री साई लीला

स्थापित वर्ष १९२३

वर्ष १४ अंक ४

सम्पादक :
कार्यकारी अधिकारी, श्री साई बाबा संस्थान विश्वस्त-व्यवस्था (शिर्डी)

SHRI SAI LEELA

Estd. Year 1923

Year 14 Issue 4

Editor :
Executive Officer, Shree Sai Baba Sansthan Trust (Shirdi)

अंतरंग

- सम्पादकीय... २
- Shri Krishna and Shirdi Sai Baba are really Non-Different and act exactly alike... : Dr. Subodh Agarwal 3
- सद्गुरु श्री साईं नाथ - धरा तल पर अद्भुत अवतरण : मदन गोपाल गोयल ९
- गुरु पूर्णिमा : रजनी प्रभा १२
- भगवान् दत्तात्रेय - भाग ४ : मदन गोपाल गोयल १३
- सद्गुरु श्री साईं संदेश... : रीता मलिक १६
- नित्य प्रतीति से करना अनुभव १९
- Shri Sai Baba - God or Guru ? : Shamshaad Ali Baig 21
- Shirdi News 25

• Cover & other pages designed by Prakash Samant & Taco Visions Pvt. Ltd. • Computerised Typesetting: Computer Section, Mumbai Office, Shree Sai Baba Sansthan Trust (Shirdi) • Office : 'Sai Niketan', 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014. Tel. : (022) 24166556 Fax : (022) 24150798 E-mail : saidadar@sai.org.in • Shirdi Office : At Post Shirdi - 423 109, Tal. Rahata, Dist. Ahmednagar. Tel. : (02423) 258500 Fax : (02423) 258770 E-mail : 1. saibaba@shrisaibabasansthan.org 2. saibaba@sai.org.in • Annual Subscription : ₹ 50/- • Subscription for Life : ₹ 1000/- • Annual Subscription for Foreign Subscribers : ₹1000/- (All the Subscriptions are Inclusive of Postage) • General Issue : ₹ 8/- • Shri Sai ***Punyatithi*** Special Issue : ₹ 15/- • Published by Executive Officer, on behalf of Shree Sai Baba Sansthan Trust (Shirdi) at Sai Niketan, 804-B, Dr. Ambedkar Road, Dadar, Mumbai - 400 014 and printed by him at Taco Visions Pvt. Ltd., 38 A & B, Government Industrial Estate, Charkop, Kandivali (W), Mumbai - 400 067. The Editor does not accept responsibility for the views expressed in the articles published. All objections, disputes, differences, claims and proceedings are subject to Mumbai jurisdiction.

सम्पादकीय...

भूत-वर्तमान-भविष्य ये तीन काल, उत्पत्ति-स्थिति-लय ये तीन अवस्थाएँ, सत्त्व-रज-तम ये तीन गुण, इन सबका संचालन-सूत्र जिनके हाथों में है, वे ब्रह्मा-विष्णु-महेश इन त्रय देवताओं के इकट्ठे स्वरूप को 'श्री गुरु देव दत्त' के नाम से सम्बोधित किया जाता है।... वे देवता भी हैं, और गुरु भी! इसीलिए, **''गुरुर्ब्रह्मा:, गुरुर्विष्णु:, गुरुर्देवो महेश्वर:, गुरु: साक्षात् परब्रह्म, तस्मै श्रीगुरवे नम:।।''** इस प्रार्थना से उन्हें नतमस्तक हो, वंदन किया जाता है। ऐसे इस त्रिलोक के गुरुदेव ने जीव सृष्टि के २४ जीवों को अपना गुरु माना और जीव सृष्टि के इन तुच्छ माने जाने वाले जीवों से भी कुछ बहुमूल्य ज्ञान प्राप्त होता है, यह अनमोल सीख हमें दी।...

श्री गुरु देव दत्त के लक्षण कलियुग के साईं अवतार में दिखाई देने के कारण साईं बाबा अपने भक्तों के देवता भी बने, और गुरु भी! शिर्डी में साईं बाबा के प्रत्यक्ष निवास के क़रीब ६० वर्ष के अंतराल में तथा साईं महासमाधि के पश्चात् क़रीब क़रीब ९५ वर्ष से भी अधिक काल बीत गया है, बाबा की उक्ति, **''जो जो जिस भाव से मुझे भजेगा। उसे मैं उसी भाव से पाऊँगा।।''** इस प्रतीति का अनुभव श्रद्धालु गण आज भी कर रहे हैं।... और इसीलिए, श्री साईं बाबा ने ही दिये हुए वचन के अनुसार श्री शिर्डी क्षेत्र में भक्त-भाविकों की चींटियों समान लम्बी कतारें लग रही हैं और उत्तरोत्तर उसमें वृद्धि होती जा रही है।...

श्री साईं बाबा का सम्पूर्ण जीवन आज-कल के तथाकथित बुवा-बाबाओं के समान, स्वामी-महाराजाओं के समान ऐश-आरामी कतई नहीं था। वे तो फटे पुराने वस्त्र ही परिधान करते थे, मन माने वहीं बैठ जाया करते थे; उनका व्यवहार भले ही पागलों समान रहा हो, पर उनमें ब्रह्माण्ड के दर्शन होते थे। इस बात के कई उदाहरण साईं बाबा के अवतार काल में ही लिपिबद्ध किये गए जो श्री साईं सत् चरित में वर्णित हैं। उनमें से कुछ घटनाओं के प्रत्यक्षदर्शी श्री साईं बाबा की महासमाधि के पश्चात् भी बहुत समय तक जीवित थे। श्री साईं सत् चरित के लेखक ने उनसे प्रत्यक्ष सम्पर्क बना कर उन अद्भुत घटनाओं का जैसा का जैसा ही वर्णन प्रस्तुत किया है। इसी प्रकार श्री साईं बाबा में दैवी गुण दिखाई देने के कारण उस समय के साधु-सन्तों ने, महात्माओं ने, सत्पुरुषों ने उनके ये दैवी गुण लोगों के ध्यान में ला दिए। आध्यात्मिक अधिकार प्राप्त जानकीदास साधु ने बहुत समय तक शिर्डी में ही निवास किया था। उस दरमियान कई बार उनकी साईं बाबा के साथ बैठकें होती रहती थीं। साईं बाबा को पानी भरते देख कर ब्रह्मचर्याश्रमी वैष्णववीर गंगागीर बाबा ने गाँव वालों से कहा था कि, **''धन्य शिर्डी का भाग्य वरिष्ठ। प्राप्त हुआ श्रेष्ठ यह रत्न।। आज यह काँधे से ढोये पानी। पर जीव यह सामान्य नहीं। इस भूमि का पुण्य है खास। इसीलिए पधरा है यह यहाँ।।''** अक्कलकोट स्वामी के महाप्रसिद्ध शिष्य आनंदनाथ महाराज ने साईं बाबा को सामने देखते ही कहा कि, **''हीरा है यह, प्रत्यक्ष में हीरा।''** इसी तरह दत्तावतारी व्रतधारी यति वासुदेवानंद सरस्वती ने, जब साईं भक्त वकील पुण्डलिक राव नांदेडकर उनके दर्शन करने गये थे तब शिर्डी के बारे में चल रही बातचीत के दौरान साईं नाम का उल्लेख होते ही स्वामी ने अपने दोनों हाथ जोड़ कर साईं बाबा को प्रणाम किया और उन्हें अर्पण करने हेतु पुण्डलीक राव को एक नारियल भी दिया।... ऐसा होने पर भी साईं बाबा ने कभी भी अपने आपको देवता, ईश्वर (अनलहक्क) कहा नहीं; वे स्वयं को अल्लाह का बंदा (यादे हक्क) ही कहा करते थे।...

बाबा ने गुरु की महिमा बता कर गुरु की कसौटी पर किस तरह उतरना है, यह ख़ुद के उदाहरण से दिखा दिया है। लेकिन उन्होंने ख़ुद किसी को भी अपना शिष्य नहीं बनाया। 'मैं कान में फूँकने वाला गुरु नहीं हूँ,' ऐसा ही वे कहा करते थे। आगे चल कर केवल भक्तों का मन रखने के लिए वे -

''स्वयं यद्यपि निर्विकार। अंगीकारते पूजा-उपचार। भक्त भावार्थानुसार। प्रकार सभी स्वीकार करते।। कोई करता चामरांदोलन। कोई तालवृन्त-परिवीजन। ढोल शहनाई मंगल वादन। कोई समर्पण करते पूजा। कोई हस्त-पाद प्रक्षालन। करता कोई इत्र-गंधार्चन। कोई त्रयोदशगुणी तांबूलदान। महानैवेद्य निवेदन करते।। आड़ा तिलक कोई दो अंगुलियों से लगाते। शिवलिंग को जैसे सलंग चर्चते। कोई कस्तूरी मिश्रित सुगंध चर्चते। वैसे ही चर्चते चंदन।।...'' परन्तु, तात्या साहेब नूलकर के एक स्नेही डाक्टर जो राम के कट्टर भक्त थे और बाबा को मुसलमान मानते थे, उन्हें उनके गुरु धोपेश्वरी के रघुनाथ उर्फ काका पुराणिक के रूप में दर्शन देने तक बाबा किसी को भी अपने भाल पर तिलक लगाने नहीं देते थे। इसी प्रकार शिर्डी के सभी ग्राम देवताओं का पूजन-अर्चन हुए बगैर बाबा अपनी पूजा करने नहीं देते थे।

बाबा ने भले ही किसी को कभी अपना शिष्य नहीं बनाया; फिर भी बाबा की उक्ति, कृति तथा उनके दिये अनुभव से कुछ ना कुछ सीख मिलती रहने के कारण भक्त उन्हें गुरु मानते हैं।

निर्गुण से सगुण में अवतरित हुये और फिर से निर्गुण में समा गये साईं समय समय पर अपने चैतन्य की प्रतीति अनुभवों द्वारा देते रहते हैं; इसीलिए अपने भक्तों के लिए वे भगवान् भी हैं और गुरु भी!...

❍❍❍

Shri Krishna and Shirdi Sai Baba are really Non-Different and act exactly alike…

O Sai! Govardhan, a very famous place of Hindu pilgrimage, is located 26 km west of Mathura (154 km from New Delhi) on the state highway to Deeg (a town and a municipality in Bharatpur district in the state of Rajasthan, India). Govardhan is located on a narrow sandstone hill known as Giriraj which is about 8 km in length.

The legends in Vishnu Puran have it that the people of Gokul used to worship and offer prayer to Lord Indra; because they believed that it was he who sent rains for their welfare. But, Lord Krishna told them that it was Mount Govardhan and not Lord Indra who caused rains; therefore, they should worship the former and not the latter. People did the same; and it made Lord Indra so furious that the people of Gokul had to face very heavy rains as a result of his anger. Then, Lord Krishna came forward to ensure their security; and after performing worship and offering prayers to Mount Govardhan, lifted the Govardhan hill up with His little finger and held it like an umbrella for 7 days to protect the people and the cattle of Vrindavan from the torrential rain.

O Baba! It must have been still fresh to Your mind that, one evening there was one of the most terrific storms that were ever experienced in Shirdi, and the entire village was flooded with incessant rains. The many local deities and nature gods were sought to be appeased, but in vain. At last people came to You with the prayer to quell the storm. You calmly came out to the edge of the Dwarkamai - *Masjid*, saying, "Stop! Calm your fury!", and ordered the storm to cease its rage. Lo, within a few moments, the clouds passed away and things returned to normal. (Shri Sai Sat Charita, Chapter XI)

Thus, O Sai! You guarded the people and the cattle of Shirdi from the hammering rains and terrific storm.

Shri Krishna and Shirdi Sai Baba are really Non-Different and act exactly alike…

O Sai! You are Omniscient. You know very well that King Parikshit once entered the hut of a sage named Samika as he was thirsty. He found



the sage in deep meditation. He bowed to him several times. But, as there was no response, he took a dead snake and threw it around the sage's neck. Later when the sage's son Shringi heard of this incident, he cursed the king to die of snake bite on the 7th day.

On hearing this, the king forswore the throne for his son Janamejay and spent his last 7 days listening to the discourses of the great sage Sukadev Goswami, compiled as the Bhagavat Puran (Shrimad Bhagavatam), under the banyan tree at Shukratal.

After hearing all that was narrated to him by Sukadev Goswami, Maharaj Parikshit spoke as follows,

"My Lord, I now have no fear of Takshak or any other living being, or even of repeated deaths; because I have absorbed myself in that purely spiritual Absolute Truth, which you have revealed and which destroys all fear."

King Parikshit then sat down on the bank of the Ganges, upon a seat made of *darbha* grass with the tips of its stalks facing east, and turned



himself toward the north. He experienced full self-realization and was free of material attachment and doubt.

As prophesied, the winged snake Takshak went flying toward the King Parikshit on the 7th day, and bit him. King Parikshit left his mortal remains behind and attained *Moksha*.

Here, the readers might well ask : 'Why the King Parikshit had to die even after hearing sacred Shrimad Bhagavatam. Why didn't the Almighty Lord Krishna exercise His powers to save King Parikshit from the snake bite, when the latter was so devoted to the former?'

This inquisitiveness might probably be quite genuinely wise. But, the following fact will definitely serve as a convincing answer.

The same Supreme Lord Krishna had earlier

protected Parikshit, by entering into the womb of his mother Uttara from the fiery weapon released by Ashwathama. (Mahabharata, Book 10 : Sauptika Parva, Chapter 16)

This time the Lord didn't, because as narrated above : After hearing all that was narrated to him by Sukadev Goswami, Maharaj Parikshit had no fear of Takshak or any other living being, or even of repeated deaths, because he had absorbed himself in that purely spiritual Absolute Truth, which Sukadev Goswami had revealed and which destroyed all fear.

Now, Maharaj Parikshit wanted to live no more; he wanted to achieve *Moksha* (salvation).

O Sai! Had Parikshit wished to survive the venomous snake bite, Lord Krishna would have undoubtedly saved him, in exactly the same way as You had counteracted poison after one of Your devotees Shama was bit by a deadly snake. Your act of raining down mercy on Shama is beautifully illustrated in Shri Sai Sat Charita, Chapter XXIII

Madhavrao Deshpande alias Shama was one of Your staunch devotees. He was once bitten by a snake. The poison soon started

Shri Sai Sat Charita, Chapter XXIII

spreading into his entire body, causing severe pain. He came rushing to seek Your aid. No sooner did he start climbing the steps up of the Dwarkamai - *Masjid* than You shouted, "Damn fool! Be alert! Do not climb up! Get down the stairs of the Masjid! Get thee hence, satan!"

Shama naturally felt disturbed and evidently got confused on receipt of such kind of harsh reception from You. But, it wasn't too late, and a controlled cool down soon followed. Subsequently, You invited Shama to climb up the steps of the Dwarkamai and lovingly offered him a seat by Your side. You then, with motherly

affection, consoled Shama thus : "My dear child! Don't worry. Be mindful of *Allah*, and *Allah* will protect you. Go to your house and eat as per your likes. Keep moving around without lying down, and sacrifice tonight's sleep."

O Baba! It's needless to say that Your instructions were complied with without any ifs and buts, and Shama soon regained his health.

The truth of the situation was that the initial unwelcome words uttered by You were not meant for Shama, but were aimed at the toxic poison as an instructive warning to refrain it from spreading through Shama's body.

O Sai! You granted Shama additional years of life; because he, unlike Parikshit, didn't want to die, but longed to survive the snake bite. Lo! By Your blessings, he outlived You, and died only in the year 1939 i.e. 21 years after Your taking *Mahasamadhi* in the year 1918.

Shri Krishna and Shirdi Sai Baba are really Non-Different and act exactly alike…

O Sai! In the holy month of Kartik (In the reformed Indian national civil calendar, Kartik is the eighth month of the year),

thousands of devotees perform the *parikrama* (circumambulation) of Giriraj Govardhan, reveling in the joyful, transcendental atmosphere of Govardhan. They walk barefoot the 23 km path around Govardhan, or perform *dandavat parikrama* i.e. prostrating circumambulation (*dandavat parikrama* is performed by standing in one spot, offering obeisance like a stick (*danda*) by lying flat on the ground and then continuing, contiguously, till the entire route is covered.), which may take weeks, chanting the Lord's name and glorifying Giriraj Govardhan praying for pure loving devotion unto the Lotus Feet of Shri Shri Radha Girdhari.

O Baba! It would certainly delight my fellow Sai devotees to know that when Chaitanya Mahaprabhu did *parikrama* (circumambulation) of Govardhan Hill while visiting Vrindavan in 1515 AD, he did not walk on the hill; because he considered Govardhan as non-different from Lord Krishna.

O Sai! The identity of Krishna and Govardhan Hill is still honoured, and great devotees take rocks from Govardhan Hill and worship them exactly as they worship the Deity of Krishna in the temples, considering Govardhan as non-different from Krishna. The form of Krishna who began to eat the offerings was separately constituted, and Krishna Himself along with other inhabitants of Vrindavan began to offer obeisance to the Deity as well as Govardhan Hill. In offering obeisance to the huge form of Krishna Himself and Govardhan Hill, Krishna declared, "Just see how Govardhan Hill has assumed this huge form and is favouring us by accepting all the offerings." Krishna also declared at that meeting, "One who neglects the worship of Govardhan *Pooja*, as I am personally conducting it, will not be happy. There are many snakes on Govardhan Hill, and persons neglecting the prescribed duty of Govardhan *Pooja* will be bitten by these snakes and killed. In order to assure the good fortune of the cows and themselves, all people of Vrindavan near Govardhan must worship the hill, as prescribed by me."

O Baba! Krishna's prescription as safeguard against snake bite reminds me of Your oft-repeated words : "This is our Dwarkamai... She wards off all dangers and anxieties of its children. This *Masjidmai* (its Presiding Deity) is very merciful; she is the mother of all devotees, whom she will save in times of calamities. Once a person sits on its lap, all his troubles are over. He, who rests in her shade, gets bliss." (Shri Sai



Sat Charita, Chapter XXII)

The numerous stories, related with Balasaheb Mirikar, Bapusaheb Booty, Amir Shakkar and Hemadpant that are narrated in Shri Sai Sat Charita, Chapter XXII, serve as testimony to these words of Yours : "The snake is so terrible, but what it can do to the children of Dwarkamai! When Dwarkamai (the Presiding Deity) protects, how the serpent can harm!"

Govardhan Hill and Dwarkamai are really non-different and protect exactly alike… Shri Krishna and Shirdi Sai Baba are really Non-Different and act exactly alike…

O Sai! Although Arjun was considered a man of wisdom properly raised and educated in the Vedic culture, still illusion had entered his consciousness. Hence Lord Krishna had to teach him.

Lord Krishna instructs Arjun to fall at the feet of self-realised beings, rendering service to them with faith and devotion, and inquire from them with a pure heart about the purpose of life, the true nature of a living being and how to revive one's relationship with the Supreme Being :

Tat viddhi pranipatena
pariprashnena sevaya I
Upadekshyanti te gyanam
gyaninah tattva darshinah II

(Bhagvad Gita - Chapter 4, *Shlok* 34)

(Just try to learn the truth by approaching a spiritual master. Inquire from him submissively and render service unto him. The self-realized

Illustrations based on the stories narrated in Shri Sai Sat Charita, Chapter XXII

soul can impart knowledge unto you, because he has seen the truth.)

O Baba! It wasn't a surprise to see You enacting the same role of Lord Krishna before one of Your devotees Nanasaheb Chandorkar, while - one day - the latter was tenderly massaging Your legs in the Dwarkamai-*Masjid*, and was mumbling the above 34th *shlok* from the 4th Chapter of the Bhagvad Gita with perfect pronunciation.

Although Nanasaheb Chandorkar was a great scholar of Vedant and Sanskrit, still his *vidya vasana* was very powerful. The concept of 'I am a learned man', 'I know all the *vedas*', 'I must consider everything in my own style and cannot accept somebody else's dictum' are all *vidya vasana* traces, and all of them are fatal to one's chance of attaining *Mukti*.

So, O Baba! You, like Lord Krishna, had to teach him the true purport of the above 34th *shlok* from the 4th Chapter of the Bhagvad Gita. (Shri Sai Sat Charita, Chapter XXXIX)

Shri Krishna and Shirdi Sai Baba are really Non-Different and act exactly alike…

Baba appeared several times as Lord Krishna to Bapusaheb Booty who constructed Baba's *Samadhi Mandir*. As per Baba's desire, Baba's holy body was placed and preserved in the central shrine meant for Murlidhar/Lord Krishna and Baba Himself became Murlidhar and the Bootywada became the *Samadhi Mandir* of Sai Baba. Baba Himself named His

Masjid as Dwarkamai, and Dwarkamai proved to be perfectly the abode of Lord Krishna, Who is none other than Baba Himself in His present Manifestation.

O Sai! Lord Balaram expands into the great serpent known as Anant, or Sheshanag. He reposes on the causal ocean and serves as the couch upon whom Lord Maha Vishnu reclines. (Brahma-samhita, 5.47) That Anant Shesha is the devotee incarnation of God who knows nothing, but service to Lord Krishna. With His thousands of mouths, He always sings the endless glories of Lord Krishna. He also expands himself to serve as Lord Krishna's paraphernalia, including such items as the umbrella, slippers, bedding, pillow, garments, resting chair, residence, sacred Gayatri thread, and throne in the pastimes of Lord Krishna. (Chaitanya Charitamrit, Madhya Lila, 5.120-124)

I bow down to the Omnipotent Supreme Lords Shri Krishna and Shirdi Sai Baba, the Embodiments of Supreme Bliss, Who by Their own mouths expressed what had been uttered with dexterity by Anant Shesha's thousands of mouths.

- Dr. Subodh Agarwal
'Shirdi Sai Dham',
29, Tilak Road, Dehra Dun - 248 001,
Uttarakhand.
Mobile : **(0)9897202810**
Tel. & Fax : **0135-2622810**
E-mail : **subodhagarwal27@gmail.com**

सद्गुरु श्री साईं नाथ
– धरा तल पर अद्भुत अवतरण

स सर्वविद् भजति मां सर्वभावेन भारत

मुझे अपनी शैशवावस्था व बाल्यावस्था में अपनी माँ के हाथ का बना हुआ खाना अत्यन्त स्वादिष्ट व रुचिकर लगता। ऐसा क्यों, यह बात मेरी समझ में बहुत देर बाद आयी। वे मुझे दस वर्ष की आयु में ही बिलखता छोड़ कर परलोक सिधार गयीं। उसके बाद मिश्राणी, ब्राह्मणी जो भी हमारे घर खाना बनाती, उनके हाथ का बना खाना न तो मुझे रुचिकर होता और न स्वादिष्ट लगता। मैं उसमें सौ मीनमेख निकालता रहता – नुक्ताचीनी करता रहता।

भगवान् श्रीकृष्ण ने गीता में पुरुषोत्तम योग के लिए – उन्हें प्राप्त करने के लिए तीन साधन मार्ग बताये हैं – कर्म योग, ज्ञान योग और भक्ति योग। परन्तु, मेरी दृष्टि में ये तीनों ही पृथक्–पृथक् नहीं किये जा सकते। ये तीनों मिल कर एक ही अभीष्ट परिणाम देते हैं।

हम यहाँ एक रसोइये का उदाहरण लेंगे – वह पाकशास्त्र में निपुण है, अर्थात् उसे भोजन बनाने का ठीक से **ज्ञान** है। वह रसोई तैयार करने के लिए **कर्म** – परिश्रम भी करता है – भीषण गर्मी में भी चूल्हे के सामने, भट्टी के सामने बैठ कर स्वेद बहाते हुए तपता भी है; परन्तु यदि उसमें उन लोगों के प्रति, जिनके लिए वह खाना बना रहा है, प्रेम – **भक्ति** नहीं है, तो जिन रोटियों को, पुड़ियों को वह बेल रहा है, वे टेढ़ी–मेढ़ी, मोटी–झोटी बन जायेंगी, कच्ची–पक्की रह जायेंगी। शाक में नमक–मिर्च न्यूनाधिक हो जायेगा। तैय्यार भोजन स्वाद हीन होगा। कर्म में यदि मन न हो, आत्मा न हो, तो वह कर्म भार सा हो जायेगा और उसका परिणाम (फल) अरुचिकर होगा – आनंद दायक नहीं होगा। और, यदि उसमें यह भावना है कि जिनके लिए मैं भोजन तैयार कर रहा हूँ वे मेरे ही साथी हैं, मेरे ही परिवार के सदस्य हैं, मेरे द्वारा बनाया गया भोजन उनके लिए रुचिकर हो, स्वादिष्ट हो, उनके लिए तुष्टि–पुष्टि दायक हो, तो उसके द्वारा बनाया गया भोजन कितना रुचिकर होगा, स्वादिष्ट होगा, तुष्टि–पुष्टि दायक होगा? इससे यह सिद्ध होता है कि किसी भी काम को सफल बनाने के लिए कर्म, ज्ञान और भक्ति तीनों की आवश्यकता होती है। माँ के द्वारा बनाये गये भोजन में इन तीनों बातों का समावेश होता था, वह उसमें अपना वात्सल्य उँडेलती थी। उसके द्वारा मनुहार के साथ प्रेम पूर्वक परोसा गया साधारण भोजन भी अत्यन्त स्वादिष्ट लगता और वह भोजन वस्तुतः परमेश्वरीय प्रसाद ही होता था।

वे लोग बड़े अभागे हैं जो अपने घर पर अपनी माँ/धर्मपत्नी के हाथ का मन से, आत्मा से बनाया हुआ शुद्ध, पवित्र, तुष्टि–पुष्टि दायक भोजन छोड़ कर होटलों में खाते फिरते हैं। अब तो छोटे–बड़े शहरों में यह एक तरह का प्रचलन, फैशन ही बनता जा रहा है कि तथाकथित सम्भ्रान्त जन सप्ताह/पखवाड़े में एक बार किसी रेस्टोरेण्ट/होटल में जाकर लंच या डिनर अवश्य लेंगे, चाहे वहाँ बेमन से पकाया गया और बासी, अशुद्ध, अपवित्र, राजसी, तामसी भोजन ही क्यों न परोसा जाये। ऐसे भोजन को करके मनुष्य में राजसी, तामसी प्रवृत्तियाँ तो बढ़ेंगी ही, वे रुग्ण भी होंगे।

जबकि आचार्य विनोबा भावे तो यहाँ तक कहते हैं कि जो यज्ञोपयोगी आहार है, उसे ही सात्त्विक और यज्ञ रूप बना कर ग्रहण करें।

खेती–बाड़ी में एक कहावत है – 'गहरा बो, पर गीला बो।' खेत को जितना अधिक गहरा जोत कर, बीज गहराई में बोयेंगे, उतना ही बीज गहरा जमेगा और अधिक फलेगा। कर्म गहरा, अर्थात् उत्कृष्ट होना चाहिए। पर, नीचे तरी भी होनी चाहिए। अच्छी फसल के लिए गहराई

और तरी दोनों आवश्यक हैं। कर्म में तरी से आशय प्रेम और भक्ति दोनों से है। जो कर्म हम जिसके लिए कर रहे हैं वह परिश्रम पूर्वक तो हो ही, उसमें हमारी निष्ठा और प्रेम भी हो। ऐसा करने पर कर्म का बोझ भी मालूम नहीं होगा। हम काम करके भी अकर्ता बने रहेंगे।

शुद्ध, सात्त्विक कर्म कैसा भी क्षुद्र क्यों न हो, उसमें ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण होना चाहिए। कर्मयोगियों के परमेश्वर श्री कृष्ण तो युद्ध के पश्चात् घोड़ों को खरहरा करते हैं, प्रेम से उनके पुट्ठे, पीठ सहलाते हैं और अपने पीताम्बर में उनको दाना–रातिब खिलाते हैं। राजसूय यज्ञ के समय जूठी पत्तलें उठाते हैं। जंगल में धेनु चराने जाते हैं। और स्वयं सन्तों को ही देखिये – कोई कसाई का, कोई दर्ज़ी का, कोई कुम्हार का, कोई जुलाहे का, कोई माली का, कोई मोची का, कोई बनिये का, तो कोई नाई का काम करते–करते भगवान् को प्राप्त हो गये – मुक्तावस्था को प्राप्त हो गये। **भगवान् आपके काम में मात्र निष्ठा, ईमानदारी और सच्ची लगन देखते हैं और इनके साथ–साथ प्रभु–स्मरण हो, भक्ति की आर्द्रता हो, तो कहना ही क्या – ऐसे जन के तो लोक, परलोक दोनों ही सुधर गये।**

कर्म की गति बड़ी गहन है। क्षुद्र विषयों में ही हमारा चित्त, मन डूबा रहता है। सन्त तुकाराम कहते हैं –

''कथा पुराण ऐकतां। झोंपें नाडिलें तत्त्वतां।
खाटेवरी पडतां। व्यापी चिंता तळमळ।
ऐसी गहन कर्मगति। काय तयासी रडती।।''

– कथा–पुराण श्रवण करने जाते हैं, तो निद्रा सताती है और बिस्तर पर लेटते हैं, तो चिन्ता और बेचैनी रहती है। ऐसी कर्म की गहन गति है। क्या किया जाये?

आज–कल के कमाऊ बाबा लोगों ने तथाकथित आश्रम स्थापित करके कई प्रकार की ध्यान पद्धतियाँ चला रखी हैं। वे कहते हैं – आँखें मूँद कर आसन लगा कर बैठ जाओ। अरे भाई! कोरी आँखें बंद कर आसन लगा कर बैठ जाने से क्या हासिल होगा? यह मन तो बड़ा चंचल है, प्रमाथी है। श्री कृष्ण के परम सखा महारथी अर्जुन भी कहते हैं –

''चंचलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम्।
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम्।।''

– गीता, ६.३४

– हे श्री कृष्ण! यह मन बड़ा चंचल, प्रमथन स्वभाव वाला, बड़ा दृढ़ और बलवान् है। इसलिए उसका वश में करना मैं वायु को रोकने की भाँति अत्यन्त दुष्कर मानता हूँ।

मन की एकाग्रता के लिए बाह्य पदार्थों, वस्तुओं–विषयों का चिन्तन छूटना आवश्यक है। मन का निर्मल, पवित्र, शुद्ध होना आवश्यक है – **'निर्मल जन सो मोहि पावा।'**

आज की चकाचौंध भरी एवं विलासिता से पूर्ण ज़िंदगी में मनुष्य वस्तुओं का अम्बार लगाता जाता है। एक कोठी से, एक कार से पेट नहीं भरता; अधिक से अधिक चाहिए। जब तक जीवन की परिमितता नहीं होगी, सब काम नपा–तुला नहीं होगा, मन की चंचलता बढ़ती रहेगी।

पहले चित्त भरमाने के लिए एक सिनेमा हुआ करता था, थिएटर, खेल–तमाशे, नौटंकी हुआ करती थी; पर अब तो घर–घर में टी.वी. है, डी.वी.डी. प्लेयर है, कम्प्यूटर है और उसके साथ इण्टरनेट है। जब मरज़ी हो, बटन घुमाओ और मन का चापल्य बढ़ाओ, अपनी दृष्टि को दूषित करो। अब तो टी.वी. में अन्य चैनलों की तो बात छोड़िए, समाचार चैनलों, धार्मिक चैनलों तक पर विज्ञापनों में बीच–बीच में ऐसे अश्लील, भद्दे दृश्य दिखाये जाने लगे हैं कि परिवार के साथ बैठ कर देखने में लज्जा–संकोच होता है। अच्छे–अच्छों को झुरझुरी–कम्पन होने लगता है। इन्हीं के कारण व्यभिचार – इन्द्रियलोलुपता, कामोपभोगपरायणता, बलात्कार आदि आसुरी प्रवृत्तियों का प्रसार मानव समाज में बड़े जोरों से हो रहा है। बालक, बालिकाओं, किशोरों, युवक, युवतियों को इन सबसे कैसे बचाया जावे? राष्ट्र के सम्मुख यह एक ज्वलन्त प्रश्न है। इन्हीं का दुष्परिणाम है कि आज के समाचार पत्र बाल–अपराधों, बलात्कारों, कत्ल – हत्या के समाचारों से ही भरे रहते हैं। **'जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि'**।

यहाँ एक प्रसंग याद आ रहा है – हनुमान जी महाराज जहाँ–जहाँ राम कथा होती है, उसे सुनने के लिए प्रच्छन्न रूप से आ विराजते हैं –

''यत्र यत्र रघुनाथकीर्तनं
तत्र तत्र कृतमस्तकाञ्जलिम्।

वाष्पवारिपरिपूर्णलोचनं
मारुतिं नमत राक्षसान्तकम् ।।''

''रामदास रामायण लिखते जाते और शिष्यों को पढ़ कर सुनाते जाते थे। समर्थ रामदास ने लिखा था – 'हनुमान अशोक वन में गये। वहाँ उन्होंने सफ़ेद फूल देखे।' यह सुनते ही वहाँ झट से हनुमान प्रकट हो गये और बोले, 'मैंने सफ़ेद फूल नहीं देखे, लाल देखे थे। तुमने गलत लिखा है। उसे सुधार लो।' समर्थ ने कहा, 'मैंने ठीक लिखा है। तुमने सफ़ेद फूल ही देखे थे।' हनुमान ने कहा, 'मैं स्वतः वहाँ गया था और मैं ही झूठा?' अन्त में झगड़ा श्री रामचन्द्र जी के पास गया। उन्होंने कहा, 'फूल तो सफ़ेद ही थे, परन्तु हनुमान की आँखें क्रोध से लाल हो रही थीं; इसलिए वे शुभ्र फूल उन्हें लाल दिखाई दिये।' **इस मधुर कथा का आशय यही है कि संसार की ओर देखने की जैसी हमारी दृष्टि होगी, संसार भी हमें वैसा ही दिखाई देगा।**'' – विनोबा भावे

उक्त लिखित अर्जुन के प्रश्न का उत्तर देते हुए भगवान् कृष्ण कहते हैं –

''असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम् ।
अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते ।।''

– गीता ६.३५

हे महाबाहो अर्जुन! निःसंदेह मन चंचल और कठिनता से वश में होने वाला है; परन्तु हे कुन्तीपुत्र अर्जुन! यह **अभ्यास और वैराग्य** से वश में होता है।

अभ्यास : भगवान् के नाम, लीला और गुणों का श्रवण, कीर्तन, मनन, नाम-जप तथा शास्त्रों का पठन-पाठन और उनके चरितों का यथाश्रुत, यथामति लेखन बारम्बार करने का नाम अभ्यास है।

मैंने कई महात्माओं, सन्तों को देखा है कि वे कहीं भी हों, किन्हीं भी परिस्थितियों में हों, उनके कर में सुमरनी हमेशा फिरती रहती है और मुख में हरिनाम रहता है। एक बार हवाई यात्रा के दौरान एक सन्त से उनके निकट बैठे एक पाश्चात्य सहयात्री ने आपत्ति की, ''आप यात्रा में भी सुमरनी हाथ में लिये हुए हैं और बातें भी करते जा रहे हैं, यह तो कोई भगवत्-स्मरण नहीं हुआ – इससे क्या लाभ?'' सन्त ने मुस्करा कर उत्तर दिया, ''यह सुमरनी मुझे सम्बल प्रदान करते हुए इस बात का हमेशा एहसास कराती रहती है कि मेरे परमात्मा मेरे साथ ही हैं, ठीक उसी प्रकार जैसे किसी बंदूकधारी/पिस्टलधारी को स्वरक्षा हेतु उस बंदूक/पिस्टल का बल रहता है।''

वैराग्य : लोग वैराग्य का अर्थ लंगोटी लगा कर अथवा दिगम्बर होकर एकान्त में अथवा वन में वास करने से लगाते हैं; परन्तु 'परम' का साक्षात्कार किये बिना वासना मनुष्य का वहाँ भी पीछा नहीं छोड़ती। इन्द्रियों के विषयों के सेवन से तो वह अपने आपको रोक लेता है, परन्तु वह मन ही मन उनका रस लेता रहता है – उनका आस्वादन करता रहता है – **'रसवर्जं रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते।'** परन्तु, ब्रह्म – परमात्मा का साक्षात्कार होने पर उसकी मन की वासना भी समाप्त हो जाती है।

वैराग्य अर्थात् सांसारिक वासनाओं व इच्छाओं का अभाव, सांसारिक बन्धनों से उदासीनता, विरक्ति।

भगवान् श्री कृष्ण ने श्रीमद् भगवद्गीता में कहा है –

''विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः ।
रसवर्जं रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते ।''

– २.५९

– इन्द्रियों के द्वारा विषयों को ग्रहण न करने वाले पुरुष के भी केवल विषय तो निवृत्त हो जाते हैं, परन्तु उनमें रहने वाली आसक्ति निवृत्त नहीं होती। स्थितप्रज्ञ पुरुष की तो आसक्ति भी परमात्मा का साक्षात्कार करके निवृत्त हो जाती है।

सीधे-सादे शब्दों में हम 'वैराग्य' का अर्थ समझें – किसान खेत में अपनी फसल की बढ़वार (growth), अच्छी उपज के लिए उसमें उगी हुई खर-पतवार, घास-फूस को उखाड़ फेंकता है। हमारे मन में भी जो षड् रिपु – काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह, ईर्ष्या (द्वेष) – अपनी जड़ें जमाये बैठे हैं, पहले हमें उनको उखाड़ फेंकना होगा। हमारा मन जब निर्मल होगा, तभी हम वैराग्य की ओर अग्रसर हो सकेंगे।

चित्त की शुद्धि के लिए, मन को निर्मल, स्वच्छ बनाने के लिए शास्त्रों में कई साधन बताये गये हैं – जप-तप, ध्यान-धारणा, यज्ञ, दान आदि-आदि। परन्तु, सब में मुख्य और श्रेष्ठ उपाय है – **भगवान् की भक्ति**।

(पृष्ठ १५ पर)

गुरु पूर्णिमा

मनुष्य के स्वभाव को संयम, नियंत्रण और वैराग्य से आच्छादित करने के लिए गुरु की आवश्यकता होती है। एक सच्चा गुरु ब्रह्मानंद का मूर्ति रूप ही है। यह ब्रह्मानंद ही ज्ञानातीत आनंद है। अपने अहंकार पर विजय पाने वाला ही सच्चा गुरु है। गुरु सर्वोच्च अपरिवर्तनशील आनंद को भोगता है और प्रदान भी करता है। शिष्य में मानसिक रूप से जीव चैतन्य शक्ति को जागृत कर, उससे ज्ञान ज्योति को प्रज्ज्वलित करने वाला देव स्वरूप ही सच्चा गुरु है। परम पूज्य गुरुदेव श्री साईं बाबा ने अपने एक भक्त मानकर में वैराग्य को जगा कर उसे मछेन्द्रगढ़ जाकर साधना करने की आज्ञा दी। मानकर ने श्री साईं बाबा को सनातन ब्रह्म माना और सम्पूर्ण समर्पण भाव से उनकी आज्ञा का पालन किया। वहाँ पर उसमें भक्ति भाव सुदृढ़ होकर बाबा का साक्षात्कार भी प्राप्त हुआ। (श्री साईं सत् चरित, अध्याय ३१) कुछ दिन बाद वह पुनः शिर्डी आया और बाबा ने उसे सद्गति प्रदान की। इस संसार में गुरु कृपा दृष्टि से बढ़ कर अनमोल रत्न और कुछ नहीं है! ऐसे सफल गुरु–शिष्य परम्परा के उदाहरण – रामकृष्ण परमहंस – विवेकानंद, आदि शंकराचार्य – पद्मपाद, स्वामी रामतीर्थ – कबीर, धौम्य ऋषि – आरुणि, उपमन्यु हैं। ब्रह्म स्वरूप श्री साईं बाबा के भी गुरु थे। उनके सामीप्य में उन्हें अमित आनंद, ज्ञान प्राप्त हुआ था। (श्री साईं सत् चरित, अध्याय ३२) यह गुरु–शिष्य परम्परा विदेशों में भी प्रचलित थी, जैसे – सुकरात, अरस्तू, प्लेटो, जिन्होंने संसार में अपना नाम रोशन किया। वह शिष्य अत्यन्त भाग्यशाली है जिसे प्रेम स्वरूपी गुरु मिल जाए। श्री साईं सत् चरित के हर अध्याय में शिष्य गण बाबा के प्रेम से सराबोर हुए दिखाई देते हैं। पूर्वजों का कहना है कि यह भाग्य हमारे सुकृतों का ही फल है। उत्तम गुरु अपने आश्रय में आये शिष्यों के कल्मष का प्रक्षालन कर विज्ञान से उसे प्रदीप्त कर देता है। समर्थ गुरु रामदास ने शिवाजी की प्रतिष्ठा बढ़ा कर उन्हें छत्रपति शिवाजी की पदवी दिलाई। गुरु के कथनानुसार शिष्य आचरण करे, तो वह गुरु का प्रतिपाल बन जाता है। काका साहेब दीक्षित बार एट ला होने पर भी सम्पूर्ण समर्पण भाव से बाबा की आज्ञानुसार ही केस लिया करते थे, प्रेम – निष्ठा से बाबा के वचनों का पालन करते थे। बाबा ने भी उनका उद्धार उसी प्रकार किया जैसे कि विमान में बिठा कर स्वर्ग पहुँचा आये हो! (श्री साईं सत् चरित, अध्याय २३) इसीलिए गुरु का स्थान कैवल्यम् कहा जाता है। गुरु शिष्य का अनुबंध ज्ञान, विवेक, विज्ञान का मिश्रण है। गुरु से ज्ञान प्राप्त करने वाले शिष्य में गुरु पर विश्वास, कर्तव्य के प्रति श्रद्धा होनी चाहिए, जैसे बाबा की सेवा मेघा, नूलकर और खापर्डे ने की।

हम आषाढ़ पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा के नाम से मनाते हैं। इस दिन की गुरु पूजा का अर्थ है – हर गुरु वेद व्यास के रूप में हमारा मार्गदर्शन करे। भगवान् श्री विष्णु ने ही वेद व्यास के रुप में अपना १९वाँ अवतार लिया और वे व्यास भगवान् कहलाये। विष्णुसहस्रनाम के पूर्व संकल्प में **''वेदव्यासो भगवान ऋषिः''** कहा गया है। उन्होंने कई महाऋषियों, तपस्वियों के ब्रह्मसूत्र प्रवचनों को संचित कर दृढ़ीकृत किया, वेदों को चार भागों में विभाजित किया, वेदांग, उपनिषद, महाभारत, भागवत अष्टादश पुराणों को मानव जाति को समर्पित किया। श्री साईं बाबा ने अपने भक्त शामा को विष्णुसहस्रनाम की महत्ता बता कर उन नामों का बोध कराया और वे उनसे पढ़वा लिए। (श्री साईं सत् चरित, अध्याय २७) श्री कृष्ण भगवान् को ही श्रोता–सा बनाये व्यास भगवान् कितनी उन्नत स्थिति को प्राप्त हुए थे, वह अवर्णनीय है। समस्त उपनिषद् सार, योगसाधना, भक्ति–ज्ञान–वैराग्य के संपुटों के परमार्द्ध को बोध कराने वाली श्रीमद् भगवद्गीता की रचना भी उन्होंने ही की। विष्णुसहस्रनाम में उपदेशक व्यास महर्षि और श्रोता श्री कृष्ण बने थे। शास्त्र, ज्ञान के आध्यात्मिक स्वरूप का क्रमबद्धिकरण कर भारतीय हिंदू संस्कृति की जो सेवा उन्होंने की, वह अद्वितीय है। वेद, उपनिषद् का सार श्रीमद् भगवद्गीता का प्रबोध करने वाले परमाचार्य श्री कृष्ण भगवान् सांदीपनी महामुनि के पास अहंकार को त्याग निगूढ़ विषयों को सीखने शिष्य बन कर गये। बाण शैय्या पर लेटे भीष्म पितामह के पास राजकीय धर्मसूत्रों को सीखने युधिष्ठिर गये। गुरु के वचन को जो शिष्य अपना अस्तित्व बना ले, वह ही सच्चा शिष्य है। वसिष्ठ के उपदेश से ही कारण–जन्म श्री राम शक्तिवान बने। श्री दत्तात्रेय ने चौबीस जनों को अपना गुरु माना।

(पृष्ठ १५ पर)



भगवान् दत्तात्रेय – भाग ४

(मई–जून २०१४ से क्रमशः)

त्रिभुवनजयी परमावधूत भगवान् दत्तात्रेय के चौबीस गुरु

भगवान् दतात्रेय ने अपना तेरहवाँ गुरु हाथी बनाया –

१३. **हाथी** – हाथी को पकड़ने के लोभी लोग एक बड़ा सा गड्ढ़ा पृथ्वी में खोद देते हैं और उसको बाँस आदि की टट्टियों से आच्छादित करके उस पर मिट्टी आदि का लेप करके कागज़, गत्तों की बनी हुई एक कृत्रिम हथिनी स्थापित कर देते हैं। कामातुर मदमत्त हाथी उसे असली हथिनी समझते हुए समागम की इच्छा से ज्योंही उसके पास जाता है, उसके बोझ से वह आच्छादन टूट जाता है और वह उस गड्ढ़े में गिर पड़ता है और बन्धन में बन्ध जाता है – **'कामान्धो नैव पश्यति।'**

''पदापि युवतीं भिक्षुर्न स्पृशेद् दारवीमपि।
स्पृशन् करीव बध्येत करिण्या अंगसंगतः।।''

– श्रीमद् भागवत, ११.८.१३

– विवेकी पुरुष को कभी भी, पैर से भी काठ की बनी हुई स्त्री का भी स्पर्श नहीं करना चाहिए। यदि वह ऐसा करेगा, तो जैसे हथिनी के अंग–संग से हाथी बन्ध जाता है, वैसे ही वह भी बन्ध जाएगा।

१४. **मधुहारी** – शहद निकालने वाला –

मधुमक्षियों द्वारा एकत्रित मधु को मधुहारी (शिकारी) छीन कर ले जाता है, इससे पहले कि वे उसका उपभोग करें। संसार के लोभी पुरुष बड़े परिश्रम से धन का संचय करते रहते हैं; पर न तो वे स्वयं उसका उपभोग करते हैं और न किसी को दान करते हैं। उनके संचित धन को उसकी टोह रखने वाला कोई अन्य ही उपभोग करता है। ऐसे ही योगी, संन्यासी भी बिना उद्यम किये ही भोग पा सकता है।

१५. **हरिण** –

जैसे हाथी स्पर्शसुख की लालसा से बन्धन में पड़ जाता है, वैसे ही हरिण का भी संगीत श्रवण की लालसा से नाश हो जाता है। वनवासी संन्यासी को कभी विषय–सम्बन्धी गीत–संगीत नहीं सुनने चाहिए।

१६. **मछली** –

मछली काँटे में लगे हुए मांस के टुकड़े को खाने के प्रलोभन से उसकी ओर लपकती है और वह काँटा उसके गले में फँस कर उसकी जान ले लेता है। जैसे जिह्वा स्वाद की लालसा मछली को मारती है, वैसे ही स्वादलोलुप मनुष्य को जिह्वा बड़ी परेशान करती है।

श्रीमद् भागवत में कहा है –

''तावज्जितेन्द्रियो न स्यात्
विजितान्येन्द्रियः पुमान्।
न जयेद् रसनं यावज्जितं सर्वं जिते रसे।।''

– ११.८.२१

– 'मनुष्य सब इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर लेने पर भी तब तक जितेन्द्रिय नहीं हो सकता, जब तक रसनेन्द्रिय को अपने वश में नहीं कर लेता। और, यदि रसनेन्द्रिय को वश में कर लिया, तब तो मानो सभी इन्द्रियाँ वश में हो गयीं।'

दत्तात्रेय जी ने इस प्रकार शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गन्ध – इन पाँच विषयों का उल्लेख किया है।

''कुरङ्मातङ्गपतङ्गमृङ्मीना
हता पंचभिरेवपञ्च।
एकः प्रमादी स कथं न हन्यते यः
सेवते पंचभिरेवपञ्च।।''

– पतंगा, हाथी, हरिण, भ्रमर और मछली मात्र एक विषय की आसक्ति के कारण मारे जाते हैं, तो पाँचों विषयों का उपभोग करने वाला प्रमादी मनुष्य क्यों न मारा जावे?

१७. **पिंगला वेश्या** –

विदेह नगरी मिथिला में पिंगला नाम की वेश्या रहती थी। वह वस्त्राभूषणों से सज कर धनी ग्राहकों की प्रतीक्षा में अपने द्वार पर रात-रात भर खड़ी रहती थी। पर, उसके हाथ नैराश्य ही लगता था। वह बड़ी खिन्न और उदास हो गयी। एक बार उसने सोचा कि कामी पुरुषों के लिए जागने की अपेक्षा प्रभु के लिए ही जाग कर उनको ही क्यों न प्राप्त कर लूँ; और उसने विषयों का त्याग कर दिया। काम की भोगैषणा सबसे बड़ा दु:ख है।

– **''आशा हि परमं दु:खं नैराश्यं परमं सुखम्।**
यथा सञ्छिद्य कान्ताशां
सुखं सुष्वाप पिङ्गला।।''

– सचमुच, आशा ही सबसे बड़ा दु:ख है और निराशा ही सबसे बड़ा सुख है; क्योंकि पिंगला वेश्या ने जब कामी पुरुष की आशा त्याग दी (और वह भगवान् की भक्ति में लग गयी), तभी वह सुख से सो सकी।

१८. **कुरल पक्षी** –

एक बार एक कुरल पक्षी अपनी चोंच में मांस का टुकड़ा लिये उड़ा जा रहा था। दूसरे बलवान पक्षियों ने उससे मांस का टुकड़ा छीनने के लिए उसे घेर लिया और उसे चोंचे मारने लगे। जब कुरल ने मांस का टुकड़ा छोड़ दिया, तभी उसे सुख मिला।

अत: मैंने कुरल पक्षी से यह शिक्षा ली कि वस्तुओं को एकत्रित करना ही उनके दु:ख का कारण है। जो बुद्धिमान पुरुष अकिंचन भाव से रहता है, उसे अनन्त सुखस्वरूप परमात्मा की प्राप्ति होती है।

१९. **अबोध बालक** –

इस जगत् में दो ही प्रकार के व्यक्ति निश्चिन्त और परमानंद में मग्न रहते हैं – एक तो भोलाभाला, निश्चेष्ट, नन्हा सा बालक और दूसरा वह पुरुष जो गुणातीत हो गया है। अत: बालक से मैंने भोलापन और निश्चिन्तता की शिक्षा ग्रहण की।

२०. **कुँआरी कन्या** –

कुँआरी कन्या मेहमान आने पर जब धान कूटने लगी, तो उसके हाथ की चूड़ियाँ आवाज़ करने लगीं, तो उसने एक-एक करके सब चूड़ियाँ उतार दीं। मैंने उससे यह शिक्षा ग्रहण की कि जब बहुत से लोग एक साथ रहते हैं तब कलह होता है। इसलिए कुमारी कन्या की चूड़ियों की तरह साधु को एकान्तवास करना चाहिए और अकेले ही विचरण करना चाहिए। श्रीमद् भागवत में कहा है –

''वासे बहूनां कलहो भवेद् वार्ता द्वयारपि।
एक एव चरेत्तस्मात् कुमार्या इव कंकण:।।''

२१. **बाण बनाने वाला** –

बाण बनाने वाला लुहार भी मेरा गुरु है। वह अपने काम में इतना दत्त चित्त रहता है कि मार्ग में शोर-शराबे की ओर उसका ध्यान ही नहीं जाता, चाहे राजा की सवारी ही निकल रही हो। जब लौकिक कार्य में तन्मयता के बिना सिद्धि प्राप्त नहीं होती, तब पारलौकिक कार्य में – ईश्वर-प्राप्ति में सिद्धि कैसे मिल पाएगी? ध्याता, ध्यान और ध्येय जब एकरूप हो जाते हैं, तभी परमात्मा, गुरु की प्राप्ति होती है।

२२. **सर्प** –

हे राजन्! मैंने सर्प से यह शिक्षा ली कि सर्प की तरह संन्यासी को अकेले ही विचरण करना चाहिए, उसे कभी भी संघ नहीं बनाना चाहिए। दूसरी बात, सर्प सर्वदा दूसरों के बनाये बिल आदि में ही सुख पूर्वक रहता है, वह अपने लिए कभी घर नहीं बनाता। योगी, संन्यासी को भी इस अनित्य शरीर के लिए कभी घर, मठ आदि का निर्माण नहीं करना चाहिए; क्योंकि यह सब बखेड़े की जड़ है –

'गृहारम्भोऽतिदु:खाय विफलश्चाध्रुवात्मन:।'

– श्रीमद् भागवत

तीसरी बात, आपने देखा होगा, सर्प का शरीर कितना साफ़-सुथरा, चमकीला रहता है; अत: साँप से यह शिक्षा भी मिलती है कि संन्यासी सर्वदा स्वच्छ व देदीप्यमान बना रहे।

२३. **मकड़ी** –

मकड़ी अपने मुख की लार से जाला बुनती है और उसी में विचरण करती है। उसी में वह अपने शिकार को जकड़ कर, मार कर निगल जाती है। वैसे ही परमेश्वर भी इस जगत् को अपने में से उत्पन्न करते हैं, उसमें जीव रूप से विहार करते हैं और फिर उसी में अपने को लीन कर लेते हैं। इससे मैंने यह शिक्षा ली कि वे सबके अधिष्ठान

हैं, सबके आश्रय हैं। वे एक हैं, अद्‌वितीय हैं।

२४. **भृङ्गी कीट** –

भृङ्गी एक कीड़े को ले जाकर अपने स्थान पर बंद कर देता है और उसके चारों ओर भ्रमण करते हुए गुनगुनाता रहता है। और वह कीड़ा भय से उसी का चिन्तन करते-करते तत् रूप हो जाता है। तुलसी कहते हैं – **''भायँ कुभायँ अनख आलसहूँ।''** – भगवान् का नाम-जप, चिन्तन, मनन किसी भी रूप में किया जाए, भक्त तद्रूप ही हो जाता है और उन्हीं में जा मिलता है। अत: मैं हमेशा भगवान् के चिन्तन-मनन में ही मगन रहता हूँ।

भगवान् दत्तात्रेय कहते हैं, हे राजन्! इस प्रकार मैंने इतने गुरुओं से ये शिक्षाएँ ग्रहण कीं।

(क्रमश:)

– मदन गोपाल गोयल

❍❍❍

(पृष्ठ ११ से)

आज से बीस-पच्चीस वर्ष पूर्व हमारे ग्राम में नल नहीं थे। मई-जून के महीने में नदी-तालाब सूख जाते और कुओं में भी पानी बहुत कम रह जाता। परिणाम स्वरूप पानी की बड़ी किल्लत हो जाती। घर में सम्पन्नता के कारण अच्छे से अच्छा नहाने-धोने का साबुन, सोड़ा, रीठा आदि सब उपलब्ध होते, पर पानी के बिना सब बेकार। यदि ये सब न हों और मात्र पानी ही उपलब्ध हो, तो भी मल-मल के नहाया जा सकता है, कपड़ों को मसल-मसल कर स्वच्छ, उज्ज्वल किया जा सकता है।

अभिप्राय यह कि कर्म, ज्ञान, वैराग्य – सब साधन होने पर भी यदि मनुष्य में प्रेम-भक्ति रूपी आर्द्रता, जल न हो, तो सब साधन व्यर्थ। भगवान् की भक्ति हृदय में धारण करने पर ज्ञान, वैराग्य स्वत: ही आ जाते हैं। भक्ति की महिमा बताते हुए भगवान् ने श्रीमद् भागवत में अपने श्री-मुख से यहाँ तक कहा है कि –

''वाग् गद्‌गदा द्रवते यस्य चित्तं
रुदत्यभीक्ष्णं हसति क्वचिच्च।
विलज्ज उद्‌गायति नृत्यते च
मद्भक्तियुक्तो भुवनं पुनाति।।''

''मेरा नाम-गुण-कीर्तन करते समय जिसका गला भर आता है, हृदय द्रवित हो जाता है, जो बार-बार मेरे प्रेम में आँसू ढालता है, कभी हँसने लगता है, कभी लाज-शर्म छोड़ कर उच्च स्वर से गाने और नाचने लगता है, ऐसा मेरा भक्त त्रिलोकी को पवित्र कर देता है।''

(क्रमश:)

– मदन गोपाल गोयल
प्राचार्य (सेवा निवृत्त)
श्री राम अयन, इन्द्रगढ़ – ३२३ ६१३, ज़िला बूंदी, राजस्थान.
ई-मेल : gopalgoyal1963@gmail.com
संचार ध्वनि : (०)९४६०५९४८९०, ७८९१७६३८८४

❍❍❍

(पृष्ठ १२ से)

गुरु पूर्णिमा का अर्थ यह भी है कि बिना रिक्त स्थान के चन्द्रमा हो। चन्द्रमा और कुछ नहीं, हमारा मन ही है। मन पूर्ण रूप से समर्थ शक्तिवान् हो, तो प्रकाश का वितरण होगा हीं। गुरु पूर्णिमा मनाने का अर्थ गुरु को अपना प्रेम भेंट करना, यह जानना कि सर्वत्र ईश्वर है, वह ही गुरु प्रदक्षिणा भी है। गुरु के बोधों को हृदय में प्रतिष्ठापित करना चाहिए, तभी शिष्य में ओज और शक्ति समा पाएगी। गुरु हमसे निरंतर साधना करवा कर आध्यात्मिक एकता को बढ़ाता है। शिष्य हीरक जैसा होने पर भी सद्‌गुरु की संगति के बिना प्रकाश हीन ही रहेगा।

हमारी जीवन यात्रा में कई मोड़ों पर कई राहे दृष्टिगोचर होती है। हम असमंजस मे पड़ जाते हैं कि किस राह को गम्य स्थान तक जाने के लिए चुने। ऐसे समय सद्‌गुरु की कृपा एक आकाशदीप की तरह मार्गदर्शन कर इस भवतारिणी से पार लगा देती है।

– रजनी प्रभा
फ्लैट नं. ३०२, ए-१ ब्लाक,
श्री हेमदुर्गा टावर्स, मियापुर,
हैदराबाद – ५०० ०४९, आन्ध्र प्रदेश.
संचार ध्वनि : (०)९४९०२४२२६६
ई-मेल : saiviswandh@gmail.com

❍❍❍

सद्‌गुरु तो वर्षा ऋतु के मेघसदृश हैं, जो सर्वत्र एक समान बरसते हैं, अर्थात् वे अपने अमृततुल्य उपदेशों को विस्तृत क्षेत्र में प्रसारित करते हैं। प्रथमत: उनके सारांश को ग्रहण कर आत्मसात कर लें और फिर संकीर्णता से रहित होकर अन्य लोगों में प्रचार करें। यह नियम जागृत और स्वप्न दोनों अवस्थाओं में प्राप्त उपदेशों के लिए है।

– श्री साईं सत् चरित –

सद्गुरु श्री साईं संदेश...

पूरे दक्षिण भारत में साईं भक्ति का प्रचार-प्रसार करने वाले पूज्य श्री एच्. एच्. बी. वी. नरसिंह स्वामी जी ने समय समय पर, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विश्लेषण से बताये गुरु संदेश श्री साईं लीला के सुधी पाठक जनों के लिए प्रस्तुत हैं। *(जुलाई-अगस्त २०१३ से)*

१० जुलाई, १९५० – गुरु पूर्णिमा

गुरु पूजा-अर्चना के लिए सभी पूर्णिमाएँ दिव्य एवं पवित्र मानी जाती हैं। इनमें आषाढ़ पूर्णिमा विशेष महत्वपूर्ण है। इसे व्यास पूर्णिमा अथवा गुरु पूर्णिमा भी कहते हैं। महाभारत, भगवद्गीता तथा पुराणों के रचयिता महर्षि वेद व्यास सब गुरुओं के गुरु के रूप में 'प्रथम गुरु' अथवा 'प्रधान गुरु' माने जाते हैं। इस दिन से दक्षिणायन का प्रारम्भ माना जाता है; इसीलिए महर्षि वेद व्यास की पूजा-अर्चना से इस दिन का आरम्भ माना जाता है। इसके बाद ऊर्ध्वगामी अन्य गुरुओं की एवं उपासक के निजी गुरु की पूजा-अर्चना का विधान है। संन्यासियों एवं आचार्यों को वर्षा काल भ्रमण के लिए कष्टदायक प्रतीत होता है। वे किसी भी क्षेत्र के निवासियों से चतुर्मास में रहने की आज्ञा ले सकते हैं। क्षेत्रीय निवासी धार्मिक आचार्यों को आदर-सत्कार देकर, दो-चार महीने उनके सत्संग एवं सान्निध्य से लाभान्वित होते हैं। आचार्य या गुरु भक्तों को आत्मज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषय पर, जिसमें पूजा, योग, ध्यान, नैतिकता, आत्मिक अनुभूति तथा दर्शनास्त्र आदि शामिल हैं, व्यक्तिगत एवं सामूहिक मार्गदर्शन देते हैं।

हर साईं भक्त से यह आशा की जाती है कि वह साईं से तथा अन्य गुरुओं से यदि उसके हों, तो उनके साथ इस दिन से कम-से-कम चतुर्मास तक तो अवश्य जुड़ जाए। साईं बाबा की पहचान धर्म-गुरु या मोक्ष-गुरु के रूप में तो निश्चित् है। बाबा अपने भक्तों को आत्मा की ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए तैयार करते हैं। आध्यामिक साधनाएँ, जो हमें जीवन में बहुत पहले शुरू कर देनी थीं, उन्हें शुरू (पुनः आरम्भ) करके कम-से-कम प्रशिक्षण अवधि तक यानी चतुर्मास के दौरान तो अवश्य ही जारी रखना है। जीवन की वास्तविकता का गम्भीरता से सामना करते हुए कर्मठता द्वारा जीवन का सर्वस्व एवं सर्वोत्तम जो व्यक्ति को हासिल हो सकता है, वह बाबा से पाना है। यहाँ 'सर्वस्व' एवं 'सर्वोत्तम' का अभिप्राय सम्पत्ति, स्वास्थ्य, संतान-सुख एवं सफलता तक सीमित नहीं है। जीवन का सर्वोत्तम उद्देश्य परमानंद एवं आत्मानुभूति का क्षण है। भक्ति, आत्मज्ञान, योगनिष्ठा आदि के द्वारा भक्तों का वास्तविक कल्याण होता है। हर साईं भक्त को रोज़ाना कुछ समय इन साधनाओं को देना है। चतुर्मास काल के समाप्त होने के पश्चात् यदि भक्त को अपने अंदर आध्यात्मिक स्तर पर कोई परिवर्तन नज़र नहीं आता, तो संदेह करना होगा कि अवश्य ही साधना के दौरान साधक से कुछ गलत हुआ होगा। साईं से तो कुछ गलत नहीं होता। वे तो हर क्षण अपनी असीम अनुकम्पा एवं स्नेह अपने उन उत्साही भक्तों पर लुटा रहे हैं, जो उनके पास सही तरीके से जाते हैं।

मेरी हर साईं भक्त से विनम्र प्रार्थना है कि वह गुरु पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर ध्यान दे, ताकि यह काल (चतुर्मास) उन्हें विशेष आध्यात्मिक उपहार दिये बिना व्यतीत न हो जाए। बारह महीने पहले जो संदेश मैंने आपको दिया था, उसके आधार पर हर साईं भक्त अपना मूल्यांकन करे –

१. क्या हमने अपने उद्देश्य को पाने का रास्ता तय किया है?

२. क्या हमने इस दिशा में कुछ ठोस क़दम उठाये हैं?

३. यदि उठाये हैं, तो हमें कितनी सफलता प्राप्त हुई है?

